वर्ष-01, अंक-193
छपरा
16 मई गुरूवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# पीएम मोदी बोले-कांग्रेस धर्म के आधार पर बजट बांटना चाहती है

### उनकी सोच- अल्पसंख्यकों पर 15प्रतिशत खर्च हो; नकली शिवसेना-एनसीपी का कांग्रेस में विलय पक्का



**मुंबई,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाराष्ट्र के डिंडोरी में जनसभा की। उन्होंने कहा- आज मोदी गरीब को पक्के घर दे रहा है, बिजली कनेक्शन, हर घर जल, उज्ज्वला का गैस कनेक्शन दे रहा है। हमने कभी किसी का धर्म नहीं देखा। सबके लिए योजनाएं बनाईं, सबको योजनाओं का लाभ दिया।उन्होंने कहा- कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें जितना बजट बनाती हैं, उसका 15% सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो, यानी धर्म के आधार पर बजट का भी बंटवारा। धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा और आज भी वो धर्म के आधार पर भांति-भांति के बंटवारे करने में लगे हुए हैं।

### पीएम बोले- नकली शिवसेना ने कांग्रेस का रास्ता चुना

मोदी ने कहा- बालासाहेब का मानना था कि जिस दिन शिवसेना कांग्रेस की राह पर चलने लगेगी, उस दिन उनकी शिवसेना का अंत हो जाएगा। आज यह जो विनाश हो रहा है, यह बालासाहेब को सबसे ज्यादा दुखी करता होगा।


बालासाहेब ठाकरे का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। यह सपना पूरा हुआ, लेकिन इससे सबसे ज्यादा चिढ़ नकली शिवसेना को हो रही है। कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। नकली शिवसेना ने भी वही रास्ता चुना।

कांग्रेस के लोग मंदिर को लेकर बकवास कर रहे हैं। नकली शिवसेना पूरी तरह से चुप है। उनकी साझेदारी पाप की साझेदारी है और उनका पाप पूरी दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## राहुल बोले- देश में दो तरह के जवान

### भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत की, जयशंकर बोले- ये सैनिकों पर हमला





**नई दिल्ली,एजेन्सी।** राहुल गांधी की सेना पर टिप्पणी के खिलाफ भाजपा का डेलीगेशन बुधवार को चुनाव आयोग शिकायत करने पहुंचा। राहुल ने सोमवार को कहा था- मोदी ने दो तरह के सैनिक बनाए हैं। एक गरीब, पिछड़े, आदिवासी और दलित का बेटा और दूसरा अमीर घर का बेटा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आयोग के ऑफिस पहुंचकर राहुल और उनकी पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि ये सैनिकों पर सीधा हमला है। कांग्रेस इसे विवाद का मुद्दा बनाना चाहती है और सैनिकों का मनोबल गिराना चाहती है। यह चुनाव का मामला नहीं है, यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। चीन के खिलाफ देश की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना गंभीरता के साथ अपनी पूरी ताकत लगा रही है।

**सेना के खिलाफ झूठ पर आपत्ति है :**सीमाओं पर हमारे सैनिक देश को चीनी बलों से सुरक्षित रखने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान सीमा पर आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़े हैं। अगर कांग्रेस झूठ फैलाकर कहती है कि अगर वे शहीद हो गए तो सरकार उनके लिए कुछ नहीं करेगी तो इस पर हम गंभीर आपत्ति जताते हैं।

# तेजस्वी बोले-मुख्यमंत्री हमारे साथ

### गिरिराज का पलटवार-जंगलराज-3 नहीं होगा;चिराग ने कहा- उनको इतना एहसास है कि बिना नीतीश के वह चुनाव नहीं जीत सकते



**पटना,एजेन्सी।** एनडीए के नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के उस बयान पर निशाना साधा है, जिनमें उन्होंने कहा था कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए के साथ हैं। लेकिन, असल में मुख्यमंत्री हमारे साथ हैं। इस पर पलटवार करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव घबराए हुए हैं। वे डरे हुए हैं।

गिरिराज ने कहा कि उनके साथ कोई वोट नहीं है। इधर, हमारे साथ हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। सम्राट चौधरी भी हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार 2005 से पहले के जंगलराज को आने नहीं देंगे।वहीं, चिराग पासवान ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के नाम का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए अगर तेजस्वी को करना पड़ रहा है तो यह दर्शाता है कि कितने असमर्थ हैं। कितने कमजोर हैं।

चिराग बोले- मुख्यमंत्री का नाम लेकर भ्रम फैला रहे तेजस्वी

चिराग ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार गठबंधन में नहीं भी हैं तब भी उनके नाम का इस्तेमाल करके भ्रम फैला रहे हैं। अब वो जमाना चला गया कि बिहार के लोगों को इस तरीके से बहलाकर उलझा देते थे। आज की तारीख में बिहार की जनता इतनी जागरूक है, इतनी जानकार हैं कि वह आपकी मनसा को जानती है।

### तेजस्वी ने क्या कहा था

दरअसल, तेजस्वी ने कहा है कि नीतीश कुमार भले ही एनडीए के साथ हैं। लेकिन, असल में हमारे साथ हैं। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा था कि नीतीश कुमार ने ही उन्हें बीजेपी 2014 में आई थी और 2024 में वापस जाएगी। नीतीश कुमार भी यही चाहते हैं कि हम उन्हीं के अनुसार काम कर रहे हैं।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम गिरफ्तार

### ED ने 7 घंटे पूछताछ के बाद अरेस्ट किया; PS के नौकर के पास 30 करोड़ कैश मिले थे

**रांची,एजेन्सी।** झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ED ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी से पहले श्रष्ठ ने बुधवार को उनसे 7 घंटे पूछताछ की। उनके पीएस के नौकर के घर पिछले दिनों 35 करोड़ रुपए कैश मिले थे। मामला टेंडर कमीशन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का है। आलमगीर आलम को आज EDऑफिस में बने हाजत में रखा जाएगा। मेडिकल जांच की जाएगी। इसके बाद उन्हें गुरुवार को 10 बजे पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान ईडी कोर्ट से रिमांड की मांग करेगी। इससे पहले ED के अधिकारियों ने मंगलवार को भी उनसे 9 घंटे पूछताछ की थी। श्रष्ठ ने आलम को आज फिर पूछताछ के लिए बुलाया था। जांच एजेंसी की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए 12 मई को नोटिस भेजा गया था। आलमगीर आलम झारखंड की महागठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे से मंत्री हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मनी लॉन्ड्रिंग के एक अन्य मामले में ED की गिरफ्त में हैं।

# पहली बार CAA से 14 शरणार्थी को भारतीय नागरिकता मिली

### गृह मंत्रालय ने सर्टिफिकेट जारी किया; 11 मार्च को लागू हुआ था कानून



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** नागरिकता संशोधन कानून CAA के तहत पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई है। गृह मंत्रालय ने बुधवार (15 मई) को ये जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 14 लोगों को सिटिजनशिप सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं।

इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि ष्ट के तहत हर एक शरणार्थी को नागरिकता दी जाएगी। केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 कोCAAदेशभर में लागू किया था। CAA के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान है। दरअसल, 10 दिसंबर 2019 को सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल CAA लोकसभा से और अगले दिन राज्यसभा से पारित हुआ था। 12 दिसंबर 2019 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मंजूरी मिलने के बाद CAA कानून बन गया था।

## संध्या चौपाल का आयोजन कर जीविका दीदियों ने मतदान के लिए किया प्रेरित

### हर घर पहुंच मतदान के लिए दिया आमंत्रण पत्र

**गोरेयाकोठी ( सिवान )** ू प्रखंड के जामो जलालपुर गांव में मंगलवार की शाम जीविका दीदियों ने चौपाल का आयोजन कर महिलाओं को वोट के महत्व को समझाते हुए आमंत्रण पत्र देकर 25 मई को निश्चित रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की। अंजू कुमारी देवी ने बताया कि क्षेत्र में मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। महिलाओं को बताया जा रहा है कि आपका हर एक वोट कीमती है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के आमंत्रण पत्रक को सौंपा जा रहा है। इसमें 25 मई को जिले में होने वाले मतदान के बारे में सारी जानकारी लोगों की समझ में आने वाली भोजपुरी भाषा में दी गई है। वहीं गांव के विद्यालयों में दीप जलाकर भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर धर्मेंद्र मिश्रा, पूजा कुमारी, रूबी देवी, प्रतिभा देवी, सीमा देवी, बसंती देवी आदि मौजूद थीं ।

## महाराजगंज में एनडीए कार्यालय का उद्घाटन आज

**महाराजगंज (सिवान)** ू महाराजगंज में एनडीए कार्यालय का उद्घाटन गुरुवार को एनडीए प्रत्याशी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित अनेक राजनेता करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने बताया कि कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रों व पूजा के साथ होगा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## कार और अज्ञात वाहन में टक्कर, 8 लोगों की मौत्इंदौर के बेटमा के पास अहमदाबाद फोरलेन हाइवे पर हुआ हादसा

**इंदौर/धार,एजेन्सी।** इंदौर के पास बेटमा में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। यहां इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर एक कार की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला भी शामिल हैं। शवों को बेटमा के अस्पताल लाया गया है। सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। एएसपी इंदौर रुपेश द्विवेदी ने बताया कि 8 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि एक शख्स घायल हुआ है। हादसा बुधवार रात करीब 10.30 बजे होना बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



# घर घर दस्तक दे लालू यादव ने बेटी के लिए मांगा वोट

**दैनिक खोज खबर/मकेर ( सारण)।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रखंड के फुलवरिया में अपनी बेटी के लिए वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि अबकी बार भाजपा को हराना है। हम घर घर जाकर लोगो से अपील कर रहे हैं ।फुलवारियां पंचायत के मुखिया मीना देवी के पति बड़ाई राय के यहाँ कार्यक्रम था, जिसमे रोहनी आचार्या का आने का कार्यक्रम था लेकिन तबियत खराब होने के कारण नही आ पाई । पूर्व मंत्री जितेंद्र राय ने कहा कि सबसे ज्यादा भाजपा में वंशवाद है। भाजपा मंहगाई एवम बेरोजगारी की समस्या को नही काबू पा रही है जिससे अबकी बार जनता भारी मतों से राजद प्रत्याशी रोहनी आचार्या को वोट देकर जिताने का काम करेगी।इस मौके पर मुखिया बिकाश सिंह कार्तिक सिंह, एमलसी सौरभ कुमार, एमएलसी अजय सिंह, एमएलसी अरुण कुमार यादव, पूर्व विधायक सुनील राय मुखिया सुनील राय पैक्स अध्यक्ष कुमार ,राकेश कुमार सिंह सुनील राय लीला राय अजय राय, मकेर प्रमुख अभिषेक कुमार बीरेंद्र राय अखिलेश यादव सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।



# पंचायतों में घटिया डस्टबिन वितरण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**दैनिक खोज ख़बर/ बनियापुर(सारण)।** ।बनियापुर प्रखंड के कराह पंचायत के ग्रामीणों ने स्वच्छ लोहिया बिहार अभियान के तहत हर घर को वितरण की गई कचड़ा रखने वाली बाल्टी का विरोध किया है। वार्ड संख्या 10, 12 और वार्ड संख्या 14 के वार्ड सदस्यों सहित ग्रामीणों ने वितरण की गई बाल्टी को घटिया और दो नंबर क्वालिटी का बताया है। वही वार्ड सदस्यों ने कचड़ा रखने वाली बाल्टी की खरीद में घपले का आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रत्येक परिवार को दी जाने वाली डस्टबिन की कीमत सरकार द्वारा तकरीबन 100 रुपए रखी गई है। जबकि जो बाल्टी ग्रामीणों को वितरण की गई है, उसकी कीमत 25 से 30 रुपए ही होगी।वही इस मामले में बीडीओ कर्पूरी ठाकुर ने कहा है की ग्रामीणों की आरोपों की जांच की जाएगी और घटिया क्वालिटी होने पर करवाई भी की जायेगी ।मौके पर वार्ड सदस्य देवंती देवी वार्ड सदस्य मुकेश साह बिटु कुमार सहित सैकड़ो लोग थे।

## बिहार हैंडबॉल संघ का वार्षिक खेल कैलेंडर जारी

### सब जूनियर बालिका एवम जूनियर बालक जून माह में होगा शूरु

**दैनिक खोज खबर/पटना ।** बिहार हैंडबॉल संघ के आमसभा व चुनाव के बाद संघ ने विभिन्न आयु वर्ग के लिए होने वाले हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। वर्ष 2024 - 25 के लिए जारी कैलेंडर में जून माह के तीसरे सप्ताह में 9 वी सब जूनियर बालिका पटना जबकि अंतिम सप्ताह में 8 वी जूनियर बालक हैंडबॉल सारण में होगा। जुलाई माह में 6 वी मिनी बालक बालिका प्रतियोगिता पूर्वी चंपारण मोतिहारी में , 9 वी सब जूनियर बालक सहरसा में , 8 वी जूनियर बालिका सारण में आयोजित होगी। सितंबर माह में 12 वी सीनियर महिला राज्य प्रतियोगिता मधुबनी में, 13 वी सीनियर मेन हैंडबॉल भोजपुर में अक्तूबर माह में आयोजित होगी। प्रथम इंटर स्कूल बालिका पूर्णिया में नवम्बर के प्रथम सप्ताह जबकि बालक वर्ग का नवम्बर के आखिरी सप्ताह में भोजपुर में आयोजित होगा। अगले वर्ष फरवरी में एशोसिएसन कप मधेपुरा में आयोजित होगा । प्रतियोगिता के पूर्व राज्य संघ द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक बेहतर आयोजन की तैयारी का जायजा प्रतियोगिता स्थल पर जाकर लेंगे।




## डॉ. रोहिणी आचार्या को विजयी बनाने का लिया संकल्प

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मढ़ौरा अंचल परिषद् की बैठक का० भरत राय की अध्यक्षता में ओल्हनपुर ग्राम में संपन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई को समाप्त करने, भारतीय संविधान एवं आरक्षण तथा धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए सारण संसदीय क्षेत्र से डॉ रोहिणी आचार्या को विजयी बनाने के लिए तन मन धन से लग जाना आज हर कम्युनिस्ट का परम कर्त्तव्य है ! बैठक में डॉ रोहणी आचार्या को विजयी बनाने का मजबूत संकल्प लिया गया । बैठक में संजय कुमार सिंह, प्रो रजाक हुशेन, प्रो भूपेश प्रसाद, संजीव कुमार सिंह, संजय कुमार, विजय राय, विष्णुदेव राम, अनिल कुशवाहा, आलोक विकास, अविनाश कुमार, राजाराम राय, संतोष राय, मिथुन कुमार, जमादार राय, शिव प्रसाद राय, अभिमन्यु कुमार आदि उपस्थित थे।

## ड़ा. अखिलेश सिंह ने इसुआपुर में किया चुनावी सभा , बेटे के लिए मांगा वोट


**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है। पीएम मोदी पूंजीपतियों की कठपुतली हैं ।ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने बुधवार को इसुआपुर के धामा परसा गांव में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या पाकिस्तान, कश्मीर नहीं है। बल्कि बेरोजगारी व गरीबी है। पीएम मोदी ने देश के 22 पूंजीपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए कर्ज माफ कर दिए। जबकि किसानों के एक रुपए भी कर्ज माफ नहीं हुए। देश में किसानों, युवाओं,गरीबों की स्थिति बद से बद्तर है। भाजपा 400 सीटों के नारों को पार तो नहीं कर पाएगी। लेकिन अगर दुर्भाग्यवश अगर उनकी सरकार बनी तो पेट्रोल और डीजल 400 रूपए के पार जरूर हो जाएगी। भाजपा धर्म के आधार पर समाज को बांट कर वोट लेने की घिनौनी प्रयास कर रही है। वहीं देश के लोकप्रिय यशस्वी युवराज राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं को ईडी ,सीबीआई के माध्यम से परेशान कर रही है। राहुल गांधी ने देश के 10 हजार 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर गांव कस्बों में जाकर मां,बहनों, युवाओं, श्रमिकों से मिलकर उनकी सुधि ली तथा उनकी समस्याओं से अवगत हुए। कार्यक्रम के सह संयोजक सारण विकास मंच के संयोजक प्रदेश के वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह के सौजन्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कांग्रेस राजद महागठबंधन का गुणगान किया गया। वहीं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के पक्ष में वोट देने के लिए नाटक के माध्यम से भी लोगों को प्रेरित किया गया।

## 12 बाइक चालकों से हुई 12500 रूपये की जुर्माना वसूली

### एकमा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**एकमा (सारण)।** निष्पक्ष, स्वच्छ, शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए सारण जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। इसके लिए एकमा थाना पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में वाहनों की जांच, फरार वारंटियों/अपराधियों की गिरफ्तारी, मादक पदार्थों व द्रव्यों के बेचने और सेवन करने वालों को लगतार गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। वहीं एकमा थाने की पुलिस ने थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक उदय कुमार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया।

इस दौरान अनियमित तरीके से वाहनों का परिचालन करने के आरोप में 12 बाइक चालकों से एकमा थाने की पुलिस ने 12500 रूपये जुर्माना की वसूली की है। साथ ही इस दौरान एकमा थाने की पुलिस के द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ भी पढ़ाया गया।



# पूर्व मंत्री चन्द्रिका राय ने एनडीए के पक्ष में घर घर घूम मांगा वोट

**दैनिक खोज खबर/परसा( सारण, )** सारण लोकसभा क्षेत्र में लालू यादव के समधी सह पूर्व मंत्री चन्द्रिका राय अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के पक्ष में विभिन्न गांवों का दौरा किया।उन्होंने दरिहरा,टड़वा,मानपुरा,मगरपाल, बजहिया,ककरा,बारवे,परसौना सहित कई अन्य गांव का दौरा कर राजीव प्रताप रूढ़ी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि पहले 20 मई को मतदान करें,फिर जलपान करें।साथ ही उन्होंने बिहार के जंगलराज की याद युवा पीढी को दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास के राह पर चलाया जिसे हमें कायम रखना है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर और तेजी से काम करने और चुनाव में हार जीत पर किसी से बहस न करते हुए चुपचाप कमल छाप पर वोट देने की सलाह दी।इसलिए युवाओं को अपनी अगला सोच को बदलते हुए भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से विजय बनाएं।इस दौरान मुखिया अवधेश राय, बीरबल साह,पैक्स अध्यक्ष कौशल किशोर सिंह,मंडल अध्यक्ष रामानन्द सिंह,योगिंदर प्रसाद सिंह,मुन्ना साह,रौशन सिंह,लालबहादुर राय,चंदन राय, नीतीश यादव सहित कई शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की धरपकड़ शुरू

**परसा( सारण)।** आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान को लेकर परसा पुलिस-प्रशासन ने वाहनों को जब्त करने का कार्य शुरू कर दिया है।बुधवार से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से वाहन जांच व जब्त की कार्य शुरू कर दिया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि अब वाहन कोषांग के लिए वाहन का धरपकड़ शुरू कर दिए गए है। इन वाहनों से पोलिग पार्टी व सुरक्षा बलों को मतदान केंद्रों तक भेजना होता है। इसलिए जरूरत के मुताबिक बस व छोटी गाड़ियों को जब्त किया जा रहा है। इसमें कई छोटी वाहने मालिकों द्वारा प्रशासनिक सूचना पर स्वेच्छा से जमा कराए जा रहे है। प्रशासन द्वारा पहले ही वाहन मालिकों को अपना वाहन चुनाव कार्य के लिए वाहन कोषांग में जामा कराने का निर्देश दिया था।

## खाना खाने के विवाद में युवकों ने की चाकूबाजी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा( सारण)।** नगर स्थित एक पार्टी कार्यालय पर युवकों के दो गुटों में विवाद के बाद चाकूबाजी की घटना हो गई। घटना में एक युवक और एक किशोर जख्मी हो गए। जख्मी में मढ़ौरा पुरानी बाजार निवासी अंदिका मांझी का 20 वर्षीय पुत्र पवन कुमार और 16 वर्षीय कुणाल कुमार बताया गया है। दोनों जख्मी युवक को आनन फानन में रेफरल अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी युवक एक राजनीतिक पार्टी के चुनावी कार्यालय से खाना खाकर बाहर निकल रहे थे तभी इनका अन्य युवकों से विवाद हो गया। इस विवाद में चाकूबाजी की घटना में एक युवक और एक किशोर जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों जुटान रेफरल अस्पताल में जमा हो गया और माहौल तनावयुक्त हो गया।

## शिक्षा का शांति निकेतन बना शिवम ग्लोबल

### प्रतिवर्ष सी बी एस ई परीक्षा में छात्र ला रहे हैं शानदार ग्रेड, कमालपुर के छात्र नमन ने प्राप्त किए 96.4 प्रतिशत मार्क्स

**दैनिक खोज खबर /छपरा।** प्रखंड दिघवारा के जयगोविंद उच्च विद्यालय के पास राइपटी मुहल्ले में अवस्थित शिवम ग्लोबल स्कूल के अध्ययनरत छात्र और छात्रा प्रतिवर्ष सफलता की नई इबारत लिख रहे है। इस विद्यालय के छात्र छात्राओ को सी बी एस ई बोर्ड की परीक्षा में हर वर्ष प्रखंड में बेहतर मार्क्स प्राप्त होता रहा है। प्रखंड के जय गोविंद उच्च विद्यालय के पास खेल मैदान के समीप अवस्थित यह विद्यालय शांत और सुरम्य वातावरण में शिक्षा प्रदान करता है।जिसका प्रभाव इनके रिजल्ट में दिखता है।इस वर्ष विगत सोमवार को घोषित हुए सी बी एस ई के दसवीं के परिणाम में विद्यालय के छात्र दरियापुर प्रखंड के कमालपुर निवासी ओम प्रकाश राय और कुमारी सुनीता के पुत्र नमन यादव ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर ज़िले और प्रखंड के साथ ही विद्यालय का नाम रौशन किया है। नमन ने अपने इस सफलता के श्रेय विद्यालय के प्रधान राहुल आर्या के साथ ही अपने माता पिता और पूरे विद्यालय परिवार को दिया है।उसने कहा की इस विद्यालय में प्रबंधन और शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन से ही हमे ऐसी उपलब्धि हासिल हुई है।

**30 लीटर देसी शराब बरामद, तीन धंधेबाज गिरफ्तारः एकमा (सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर एकमा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव स्थित एकमा के एक आम के बगीचे से छापेमारी कर 30 लीटर देसी शराब बरामद किया है। इस दौरान मौके से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब बिक्री में शामिल तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान पर परसागढ़ निवासी संजय राउत, विशाल कुमार व राहुल कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों धंधेबाजों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## जागरुकता : परसा में दरवाजे पर पहुंच जीविका दीदियों ने की अपील, 20 मई को जरूर करें मतदान

**दैनिक खोज खबर/परसा( सारण)।** पांचवें चरण में 20 मई को सारण लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान के लिए जीविका दीदियों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।जिसके तहत परसा प्रखंड क्षेत्र के माड़र पंचायत स्थित खेमाडीह वार्ड एक मे बीडीओ दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर घर दस्तक अभियान चलाया गया।जीविका दीदियों,आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हर घर का दरवाजा खटखटाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।साथ ही उनसे वोट डालने की अपील की।बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि माड़र पंचायत के कई गांव में अभियान चलाया गया।जीविका दीदी अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में हर घर जाकर परिवारों को 20 मई को मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया।पिछले चुनाव में जहां मत प्रतिशत कम था,वहां अधिक ध्यान दिया जा रहा है।मतदाताओं को शपथ भी



दिलायी गयी। लोगों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से वोट डालने की अपील की गयी।जीविका बीपीएम ब्रजेश कुमार ने बताया कि जीविका दीदियां सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए निरन्तर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।जीविका द्वारा संचालित गतिविधियों में प्रखंड प्रशासन एवं स्वीप कोषांग का भी विशेष सहयोग मिल रहा है।परसा प्रखंड में संचालित सामुदायिक संगठनों में मतदाता जागरूकता अभियान की कमान जीविका दीदियों के कंधों पर है।उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जीविका दीदियों द्वारा प्रभात फेरी,जागरूकता रैली, रंगोली-मेहंदी, हर घर दस्तक, कैंडल मार्च, गोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी, हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, संकल्प सभा आदि गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।जीविका के मतदाता जागरूकता अभियान के प्रयासों का बेहतर परिणाम मतदान के दिन दिखेगा।

# हम कार्यकर्ताओं के लिए नारा नहीं संकल्प है "फिर एक बार-मोदी सरकार" : राजीव प्रताप रुडी

- मोदी के नेतृत्व पर दस साल में विश्वास भी दस गुना बढ़ा है
- सारण विकास के मामले में कई कीर्तिमान स्थापित कर रहा है
- सारण में 33 हजार करोड़ से अधिक की योजनाएँ
- पाइपलाइन से रसोई घरों में स्वच्छ रसोई गैस की आपूर्ति
- सारण के गाँव–गाँव में बिजली, ग्रामीण सड़क जैसी विकासपरक
- कई तात्कालिक और दीर्घकालीन योजनाएं परसा में लागू

## दरियापुर, परसा और मढ़ौरा प्रखंड के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान कराये जायेंगे। यहाँ एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर राजीव प्रताप रुडी अपनी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव मैदान में है। रुडी जहाँ लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हैं। वहीं लगातार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनसे विचार विमर्श कर रणनीतिक मंथन भी कर रहे है। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने सारण लोकसभा क्षेत्र के परसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसा और दरियापुर के साथ मढ़ौरा प्रखंड के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बैठक किया। इस मौके पर भाजपा, जदय, लोजपा (रामविलास) रालोम और हम के बूथ स्तरीय सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। दरियापुर प्रखंड की 13 पंचायतों, परसा प्रखंड की 7 पंचायतों एवं मढ़ौरा प्रखंड के 4 पंचायतों के बूथ स्तरीय एनडीए कार्यकता बैठक में मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी रुडी ने कार्यकताओं से कहा कि उन्हें लोगों के बीच सारण में कार्यान्वित 33 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के साथ केंद्र और बिहार सरकार के कार्यों की जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलाने के लिए एनडीए का एक-एक कार्यकर्ता संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने को तैयार है। सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 400 पार को पूरा कराने के लिए तन-मन से लगे हुए हैं। फिर एक बार-मोदी सरकार हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक नारा नहीं संकल्प है। एक-एक कार्यकर्ता श्री नरेंद्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिये कृतसंकल्पित है। सारण के कार्यकर्ता साथियों में प्रबल उत्साह है। मोदी जी के नेतृत्व पर दस साल में विश्वास भी दस गुना बढ़ा है।

बैठक को संबोधित करते हुए एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मकान के नींव की तरह होते हैं, जो मकान को मजबूती प्रदान करते हैं। चुनाव की अंतिम लड़ाई बूथों पर लड़ी जाती है। चुनाव युद्ध की तरह है जिसमें कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रचार करते हैं। मकान का नींव तैयार करते हैं वहीं, बूथ लेवल कार्यकर्ता होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने गरीब, महिलाओं, शोषित पीड़ित दलित के लिए कल्याणकारी योजनाओं को लाया हैं। जन-जन इस बात को जानता है।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के समर्थन में अखिलेश सिंह ने की चुनावी सभा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने बुधवार को मशरक के चरिहारा गांव में सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र का पिछले दस वर्षों में कोई बड़ा काम नहीं हुआ। इस क्षेत्र में न तो बड़ा कोई काम नहीं हुआ है और न कोई रोजगार के अवसर मिलें। किसानों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। न ही उनकी आमदनी दोगुनी नहीं हुई है। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के समर्थन में आयोजित सभा में मंच संचालन कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शैलेश सिंह ने किया। मौके पर पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद यादव ,पूर्व सांसद गिरजा देवी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजय सिंह, शैलेन्द्र प्रताप सिंह,मुना ठाकुर, गीता सागर, महेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह, संजय सिंह, बिट्टू सिंह , सिपाही लाल महतो, अमर राय , पुट्टुक सिंह, पूर्व मुखिया बृजकिशोर सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि बिहार में महागठबंधन सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज करेंगी। मतदाताओं ने जमीनी स्तर पर महागठबंधन को जितानें का मन बना लिया है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह को भारी मतों से विजयी बनानें की अपील की। वहीं उन्होंने बताया कि मशरक की धरती पर जो लड़ाई स्व पूर्व विधायक अशोक सिंह ने शुरू की और उस लड़ाई को पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह लड़ रहे हैं उस लड़ाई को वे स्वयं लड़ने के तैयार हैं।

## सड़क पर गिरें पेड़ काटने के विवाद में जमकर मारपीट में एक दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के हंसापीर गांव में आंधी से सड़क पर गिरे पेड़ को काटने के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक दर्जन शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों में एक पक्ष से हसापीर गांव निवासी भरत महंतों का 35 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र महंतों, महेंद्र महतो का 40 वर्षीय पत्नी बसंती देवी, महेंद्र महंतों का 18 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार महंतों, धर्मेंद्र महंतों की 30 वर्षीय पत्नी आरती देवी, भरत महंतों की 40 वर्षीय पत्नी मीरा देवी और दूसरे पक्ष से मिश्री महंतों की 60 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी, इन्द्रासन महंतों का 65 वर्षीय मिश्री महंतों, मिथलेश कुमार की 22 वर्षीय पत्नी गुड़िया कुमारी, जितेन्द्र महंतों की 36 वर्षीय पत्नी अनिता देवी, मिश्री लाल महंतों का 27 वर्षीय पुत्र मिथलेश कुमार, राजेश महंतों की 25 वर्षीय आरती देवी शामिल हैं। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वह गांव में सड़क पर आंधी की वजह से पेड़ गिर पड़ा था उसी को काटने के दौरान पेड़ में हिस्सेदारी को लेकर जमकर मारपीट हो गई।

## भैया अक्षत बनें महावीरी विद्यालय बरहन गोपाल के टॉपर

**सीवान ।** सोमवार को सीबीएसई 10वीं का परीक्षा-परिणाम घोषित होते ही महावीरी, बरहन गोपाल के छात्र/छात्राएँ खुशी से झूम उठे द्य 86.60 % अंक 433 प्राप्त कर भैया अक्षत सिंह बने स्कूल टॉपर द्य भैया शिवांशु शेखर 83 % अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर जबकि भैया शुभम पांडेय 80.60 % अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले में विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। भैया-बहनों की इस सफलता पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ शरद कुमार चौधरी,सचिव डा.सूर्य ज्योति वर्मा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार प्रसाद एवं प्रधानाचार्य ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव ने हार्दिक बधाई देते एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी भैया-बहन जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। विद्या भारती के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख नवीन सिंह परमार व सीवान विभाग के निरीक्षक राजेश कुमार रंजन ने भी भैया-बहनों तथा आचार्य बंधु-भगिनी को साधुवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य श्री सच्चिदानंद राय, बीरेंद्र कु. सिंह, मीडिया प्रभारी धनंजय कुमार, राम कुमार सिंह, बलिराम प्रसाद, सोनू कुमार, उमेश कुमार उपाध्याय, प्रभात कु.सिंह, सुरेंद्र तिवारी, राहुल नाथ तिवारी आदि सभी आचार्य उपस्थित रहे।




## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाली

**दैनिक खोज खबर/माँझी।** बुधवार की सुबह माँझी नगर पँचायत के बूथ संख्या 131 तथा 132 दुर्गापुर गाँव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकालकर माँझी के बीडीओ रंजीत कुमार सिंह ने आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान में भाग लेने की अपील की। इस अभियान में शामिल बीपीएम कुमार ऋतिक सहित आंगनबाड़ी कार्य करत्रियों ने भी डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। बीडीओ ने बताया कि विगत लोकसभा व विधानसभा चुनावों में उक्त बूथ पर प्रखण्ड में सबसे कम महज 41 प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। बुधवार को चलाये गए मतदाता जागरूकता अभियान में क्रमशः महिला पर्यवेक्षिका हेमा परवीन तथा आंगनबाड़ी सेविका क्रमशः आशा कुमारी,बबिता कुमारी,सोनी चौरसिया,नीलू देवी,मेहरून निशा,किरण कुमारी तथा निर्मला देवी के अलावा कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता आदि भी शामिल थे। इससे पहले मंगलवार की शाम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में बीडीओ रंजीत कुमार सिंह तथा महिला पर्यवेक्षिका हेमा परवीन के नेतृत्व में कैंडिल मार्च निकाली गई जो स्थानीय बाजारों से होते हुए वापस लौट कर प्रखण्ड मुख्यालय पहुँचकर सम्पन्न हो गई।





## जीविका दीदियों ने कैंडल मार्च निकाल किया जागरूक, डीडीसी मौजूद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के दुमदुमा शिव मंदिर परिसर में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को? जागरूक करने के लिए सारण डीडीसी प्रियंका रानी की मौजूदगी में जीविका दीदियों ने कैंडल मार्च और रैली निकाल कर जागरुक किया। इस दौरान जीविका दीदियों ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। वोटरों 25 मई को होने वाले महाराजगंज लोकसभा चुनाव में भाग लेने की अपील की। कैंडल मार्च के पहले दुमदुमा शिव मंदिर परिसर में मतदाता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार समेत अन्य मौजूद रहें।



## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली

**दैनिक खोज खबर /अमनौर/** सारण। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य से प्रखंड के कन्या मध्य विधालय अमनौर से अमनौर हाता गांव तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई.बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व बीडीओ मंजुल मनोहर मधुप के नेतृत्व में किया गया.जहां सैकड़ों की संख्या में मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता व जानकारी के लिए बैनर में स्लोगन लिखकर , युवा हो तुम देश की शान , जागो उठो करो मतदान , कोई मतदाता न छूटे लोगों को मतदान के दिन 20 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया.वहीं 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बूथों पर पहुंच कर लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर वोट डालने के लिए जागरूक किया.इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ मंजुल मनोहर मधुप के अलावे जीविका प्रबंधक राकेश कुमार, सोनल कुमार,राजीव कुमार आदि जीविका व प्रखंड कर्मी शामिल रहे।

## कामरूप कामाख्या से लौटने के बाद मोनी बाबा को किया गया भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोक सेवा आश्रम के व्यवस्थापक संत शिरोमणि विष्णु दास उदासीन मौनी बाबा ने अपनी पांच दिवसीय कामरूप कामाख्या यात्रा से लौटने के बाद आश्रम में पत्रकारों को बताया कि माता के दरबार में शांतिपूर्वक दर्शन हुआ गर्भगृह के पास उपस्थित पुजारी द्वारा प्रसाद के रूप में फलों का राजा आम धोकड़ हाथ पर दिया गया । बाबा ने यह भी बताया कि वहां का प्राकृतिक सौंदर्य मन को मोह रहा था । दूर-दूर तक चाय बागान में हरियाली ही हरियाली देखने को मिल रहा था । हम लोगों को देखकर वहां के निवासी स्वागत के लिए टूट पड़ रहे थे। आम वृक्षों में पका आम लटक रहा था। धान का खेत में कटनी लगा हुआ था। मक्का का भी अच्छी उपज देखकर मन हर्षित हुआ । मौनी बाबा ने बताया कि मां का दरबार देखकर लगा जीवन का यही सच है। पत्थरों से निर्मित विशालकाय पाया के पास खड़ा होने पर लग रहा था जैसे स्वर्ग में पहुंच गया हूं । बाबा ने यह भी आखों देखी हाल बताया कि माता के दरबार में आए भक्तों श्रद्धालुओं से वहां के पुजारी तथा ब्राह्मणों द्वारा कोई दक्षिण या किसी प्रकार की राशि नहीं मांगी जाती है । सभी लोग आदर्श विचारधारा के दिख रहे थे । बाबा ने यह भी बताया कि मंदिर से कुछ दूरी पर बकरा तथा भैंस वगैरह काटने की जो व्यवस्था है वह अच्छा नहीं लगा। सोनपुर आश्रम से मौनी बाबा 10 -5- 24 को यात्रा शुरू किए थे। बाबा के साथ कुछ अन्य भक्त भी थे । आश्रम में मौनी बाबा को पहुंचने के साथ आश्रम से जुड़े भक्त अनिल सिंह गौतम ,विधि सलाहकार विश्वनाथ सिंह अधिवक्ता ,अभय कुमार सिंह पत्रकार, हरिमोहन यादव ,सुनील कुमार यादव ,मदन क्याल साहब,पत्रकार संजीत कुमार ,लालबाबू पटेल ,सहित अन्य भक्तो ने चांदी के पात्र में गंगा जल रख कर बाबा को चरण धोए फिर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## मशरक में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट, तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चांद कुदरिया गांव में जमीनी विवाद में मारपीट में 3 शख्स घायल हो गए। घायलों में शिवजी साह की 45 वर्षीय पत्नी अमलावती देवी, 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार और 20 वर्षीय पुत्र मधु कुमारी शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायल राहुल कुमार ने बताया कि खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर लगाया गया था उसी को रोकनें पर पूछताछ में मारपीट कर घायल कर दिया गया वहीं बचाने आई मां और बहन को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया।

### शराब के नशे में तीन गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना पुलिस ने शराब के नशे में तीन लोगों को गिरफ्तार चिकित्सीय जांच कराने के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गिरफ्तार लोगों में नवादा गांव निवासी गोरख प्रसाद,गुड्डु कुमार सिंह व सूरत छपरा गांव निवासी रूपेश कुमार राम शामिल हैं।

## पहलेजा पुलिस ने मतदान शंति पूर्वक संपन्न कराने के लेकर थाना क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** लोकतंत्र के महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लेकर पहलेजा थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी , अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बलों के साथ थाना क्षेत्र के कसमर,खरिका,सैदपुर,नौडीहा ,बजरंग चौक सहित विभिन्न गांव के टोले महल्ले में फ्लैग मार्च बुधवार को निकाला। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भय मुक्त होकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान केंद्र पर 20 मई 24 को पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें । किसी के बहकावे या दबाव में ना आकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें और दूसरे को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें ।फ्लैग मार्च के दौरान अपर थानाध्यक्ष संतोष करना ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के उद्देश्य लोकतंत्र के महापर्व को वोट देना सभी मतदाताओं का अधिकार है । इस महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता मतदान आवश्यक करें। इसी को लेकर थाना क्षेत्र में शन्ति पूर्वक मतदान संपन्न कराने के लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया ।

## साई नाथ की भव्य पालकी यात्रा सह शोभायात्रा निकाली

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के आदर्श ग्राम बरेजा के फरुसहि स्थित साई मंदिर के 12वीं वार्षिकोत्सव के अवसर पर ? साई राम सेवा समिति के तत्वाधान में बुधवार को साई नाथ की भव्य पालकी यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पालकी यात्रा में जुलुश की शक्ल में निकले। यात्रा के पूर्व पालकी को आकर्षक ढंग से फूल-मालाओं से सजाया गया उसके बाद मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ साई बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भजन गाते और साई बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मंदिर परिसर से निकाली गई गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने एकमा-मांझी पथ होते हुए पूरे पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह साई बाबा के दर्शन कर पुष्प और अक्षत चढ़ाए। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा मे शामिल लोग वापस मंदिर परिसर पहुचे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के संस्थापक कमलेश साह व समाजसेवी रंजन यादव ने बताया कि दो दिवसीय अनुष्ठान के तहत गुरुवार को श्री श्री साई आश्रम मुबारकपुर के संस्थापक सह साई भक्त गोपाल तिवारी के सानिध्य में साई बाबा का विधिवत मंगल स्नान व पूजन कराया जाएगा। तत्पश्चात भक्तो में महाप्रसाद वितरण किया जायेगा। जबकि उसी दिन शाम को गायक दीपक दिलदार तथा पूनम शर्मा के द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी। पालकी यात्रा के सफल आयोजन में मुखिया राजेश पाण्डेय, रंजन यादव, अखिलेश यादव उर्फ शंकर बिहारी, अभिमन्यु मांझी, शंकर महतों, सत्येन्द्र यादव,बिनोद साह सहित अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।



# नौतन में आग बुझाने के दौरान दमकल कर्मी की मौत



- कई मकान हुए ध्वस्त, करोड़ों की क्षति का अनुमान
- अग्नि पीड़ित ने कहा साजिश के तहत लगाई गई है आग
- एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह चौहान ने कहा कि जांच के बाद होगी कारवाई

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** नौतन थाना मुख्यालय के नौतन बाजार स्थित आरामशीन संचालक एवं फर्नीचर व्यवसायी पप्पू प्रसाद के दुकान एवं मकान में मंगलवार की रात लगभग 3 बजे के आसपास शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घर के लोगों ने घबराहट में जैसे तैसे बाहर निकलकर शोर मचाना शुरू किया।शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोग जगे और शोर मचाते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए।इसकी सूचना पाकर स्थानीय पुलिस अग्निशमन दस्ते के साथ तत्काल पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे।लेकिन आग पर काबू पाने में सफल होने की संभावना नहीं देखते हुए उन्होंने अन्य थानों को सूचना देने के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी सूचित किया गया।लगभग सुबह 5 के आसपास सिवान से फायर ब्रिगेड की छोटी बड़ी गाड़ियां पहुंची और पप्पू प्रसाद के मकान व दुकान में लगी आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई।लेकिन तब तक पूरी तरह से बेकाबू हो चुकी धधकती आग से दुकान के ऊपर बने दो मंजिला मकान ध्वस्त होकर धराशाई हो गया,जिसके चपेट में एक दमकल कर्मी आ गए और दब गए।किसी तरह उन्हें खींचकर बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुके थे।मृत दमकल कर्मी की पहचान रविकांत मंडल के रूप में की गई।पुलिस प्रशासन ने उन्हें सीवान भेजकर आग बुझाने में लगी रही।वहीं पप्पू प्रसाद के ध्वस्त हुए मकान के बगल के रामाशंकर प्रसाद तथा संतोष प्रसाद के घरों को भी अपनी जद में ले लिया और वो दोनों मकान भी ध्वस्त हो गए। आग से ध्वस्त हुए तीनों मकानों में क्षति का अंदाजा करोड़ों में लगाया जा रहा है।क्योंकि पप्पू प्रसाद के दुकान एवं मकान में कुछ भी बचा नहीं है और आग लगने के 9 घंटे बाद तक भी आग बुझाने की प्रक्रिया चलती रही।मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह चौहान,अंचलाधिकारी शशि कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री अर्चना सहित सभी घटनास्थल पर आग बुझाने तक मौजूद रहे। वहीं आग लगने की सूचना पाकर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ को काबू करने एवं आग बुझाने में सहुलियत के लिए पुलिस को कुचायकोट- मैरवा मुख्य मार्ग को बैरिकेटिंग करके घंटों अवरुद्ध करना पड़ा।वहीं घटना की सूचना पाकर पहुंचे स्थानीय विधायक अमरजीत कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश पांडेय, उप प्रमुख प्रसिद्ध कुमार सहित अन्य प्रतिनिधियों ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन से हर संभव सहयोग करने की मांग की। आग लगने के कारण के बारे में कुछ भी साफ नहीं हो सका।अग्नि पीड़ित पप्पू प्रसाद के पुत्र विवेक कुमार ने साजिश के तक तहत आग लगाने की बात कही।जबकि पप्पू प्रसाद के भाई रुदल प्रसाद ने आग कैसे लगी इसके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कही।इस संबंध में एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह चौहान ने बताया कि लोग अपना अपना बयान दे रहे हैं। लेकिन यह जांच का विषय है।जांच होने के बाद ही आगे की कारवाई के बारे में कुछ कहा जा सकता है।



## चैनपुर में एनडीए चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**सिसवन (सिवान)** ञ्प्रखंड के चैनपुर बाजार मे एनडीए समर्थित प्रखंड स्तरीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार की शाम बिहार सरकार की खाद्य आपूर्ति मंत्री लेसी सिंह ने पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर की। मौके पर निवर्तमान सांसद कविता सिंह, विधानसभा प्रभारी बाल मुकुंद समेत कई नेता मौजूद थे। मौके पर मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि सिवान में कोई चुनौती नहीं है। सिवान लोकसभा की जनता काफी उत्साहित है। यहां जनता आगे है और नेता पीछे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास किए हैं। इसलिए हम लोग भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे, सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। यहां महज एक औपचारिकता है। जीत में कहीं से कोई कसर नहीं है। इससे पूर्व मंत्री ने प्रखंड के कई गांवों में भ्रमण कर एनडीए प्रत्याशी के लिए वोट मांगा।

## हसनपुरा में 583 लोगों पर 107 व 03 पर सीसीए लगा

**हसनपुरा (सिवान)** ञ लोकसभा आम चुनाव को लेकर स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड में है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र से कुल 583 लोगों पर 107 की निरोधात्मक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के यहां प्रतिवेदन भेजा गया है जबकि तीन पर सीसीए लगाया गया है। वहीं एमएच नगर थाना अंतर्गत कुल 105 मतदान केंद्र हैं। इसमें 50 मतदान केंद्रों को अतिसंवेदनशील व 24 को संवेदनशील बनाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव के दौरान विधि- व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न करने की संभावना वालों को चिह्नित करने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। पुलिस भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## अपहरण मामले में लड़का-लड़की पहुंचे न्यायालय

**दारौंदा (सिवान)** ञ थाना क्षेत्र के गरौली एवं रामगढ़ा से लड़की एवं लड़का के अपहरण मामले में एक साथ दोनों करीब तीन माह बाद बुधवार को न्यायालय में उपस्थित हुए। चूंकि दोनों के स्वजन एक-दूसरे पर अपहरण की प्राथमिकी कराए थे। स्वजन अपने अपने लड़के एवं लड़की को नाबालिग बता रहे हैं। इस कारण एक- दूसरे के अपहरण मामले में दोनों को न्यायालय भेजा गया। इस मामले में एक तरफ लड़की के पिता ने दारौंदा थाना में प्राथमिकी कराई गई है। जबकि दूसरे पक्ष के लड़के की मां के बयान पर दारौंदा थाना में प्राथमिकी कराई गई थी। दोनों तरफ से अपहरण कराने का आरोप लगाया गया था।

## मारपीट में नौ घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** ञ थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव में बुधवार को आपसी विवाद को ले हुई मारपीट में नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। घायलों में शंकर प्रसाद, युगनू कुमार, ललन प्रसाद, राजेश साह, ओमप्रकाश साह, मदन साह, राहुल कुमार सोनी, सुशीला देवी और फूलमती कुंवर समेत नौ लोग शामिल हैं।

## साइकिल चोर खालिद अंसारी को पकड़ ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**बड़हरिया (सिवान)** ञ बड़हरिया- तरवारा रोड स्थित पेट्रोल पंप स्थित शांति इंस्टीट्यूट के समीप बुधवार को साइकिल चोरी करते हुए एक व्यक्ति को इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रवीण सिंह ने मौके पर पकड़ लिया तथा पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया चोर नासिर छपरा निवासी खालिद अंसारी है।वह 11 मई को शांति इंस्टीट्यूट से एक साइकिल की चोरी कर चुका था जिसका फुटेज सीसी कैमरा में कैद है। वहीं पुलिस ने खालिद अंसारी के निशानदेही पर चोरी की साइकिल के साथ साइकिल खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर की है।

## घर में घुस पांच बोरी अनाज की चोरी

**आंदर (सिवान)** ञ थाना क्षेत्र के तियांय निवासी वंकटेश्वर पाठक उर्फ मनु पाठक ने मंगलवार की देर शाम थाना में आवेदन देकर एक नामजद व तीन से चार अज्ञात लोगों पर घर में घुसकर चोरी चावल एवं एक बोरी गेहूं चोरी करने का आरोप लगाया है। उसने आवेदन में कहा है कि सोमवार की रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे तभी उक्त लोगों ने घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

## दारु व गांजा पीने से मना करने पर महिला को पीटा, चार नामजद

**हसनपुरा(सिवान)** ञ एमएच नगर थाना क्षेत्र के उसरी बुजुर्ग में जमीन पर बैठकर गांजा व शराब पीने का विरोध करने पर कुछ शरारती तत्वों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में उसरी बुजुर्ग निवासी संजय यादव की पत्नी गुड़िया देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही सुनील यादव, अनिल कुमार यादव, सुदीश कुमार यादव व गोलू कुमार यादव को आरोपित किया है। साथ ही उक्त लोगों पर गले से सोने की चेन एवं मंगलसूत्र तथा पुत्र के जेब से पांच हजार रुपये निकालने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## भूमि विवाद में हुई मारपीट में आठ घायल, एक रेफर

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ञ थाना क्षेत्र के हुलेसरा गांव में बुधवार को भूमि को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्ष से आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां एक व्यक्ति की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में एक पक्ष से राबिया बेगम, आलमगीर हुसैन, शमसुल निशा, रूबी बेगम, तौकीर आलम शामिल हैं। इसमें तौकीर आलम को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि दूसरे पक्ष से दीपक यादव, नैनी देवी और मनीष यादव घायल हुए हैं। समाचार प्रेषण तक किसी पक्ष द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया था।

## इंजीनियरिंग कालेज में मेटलैब सोफवेयर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

**सिवान** ञ शहर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में एक सप्ताह की मेटलैब साफ्टवेयर पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समापन 18 मई को होगा। कालेज के प्राचार्य डा. सूर्यकांत सिंह ने बताया कि इंजीनियरिंग शिक्षा में एक्सपेरिमेंट का बहुत बड़ा योगदान होता है पर बहुत बार ऐसा होता है कि एक्सपेरिमेंट करना हर परिस्थिति में संभव नहीं हो पाता, जिसके लिए हमें साफ्टवेयर की जरूरत पड़ती है। मेटलैब साफ्टवेयर एक ऐसा साफ्टवेयर है जिसकी मदद से बहुत सारे इंजीनियरिंग के प्राब्लम कंप्यूटेशनल मेथड द्वारा साल्व किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों ने छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इस बात का अवगत कराना कि अगर कोई एक्सपेरिमेंट मशीन ना हो तो भी आप इस साफ्टवेयर का उपयोग करके इंजीनियरिंग के बहुत सारे प्राब्लम को आसानी से साल्व किया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि इंजीनियरिंग शिक्षा में एक्सपेरिमेंट और साफ्टवेयर दोनों की उपयोगिताओं को समझने की जरूरत है।

जो छात्र-छात्राएं किसी कारणवश अगर एक्सपेरिमेंट नहीं कर पाए तो वह इस साफ्टवेयर का उपयोग करके उस इंजीनियरिंग प्राब्लम को बहुत आसानी से साल्व कर सकते हैं। कार्यक्रम के कोआर्डिनेटर डा. विवेक कुमार श्रीवास्तव और डा. मशकूर खान ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यशाला में कुल छह एक्सपर्ट की टीम अपना-अपना लेक्चर लेंगे इसमें कंप्यूटर लैब में बच्चों को मेटलैब साफ्टवेयर की प्रैक्टिस भी कराई जाएगी।

## निर्दलीय प्रत्याशी हेना शहाब ने जनसंपर्क कर मांगा जीत का आशीर्वाद

**हसनपुरा (सिवान)** ञ सिवान संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी हेना शहाब ने हसनपुरा प्रखंड के विभिन्न में जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने अपने पति पूर्व सांसद डा. मो. शहाबुद्दीन के विकास के हवाला देते हुए कहा कि उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना तथा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान कराना हमारी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर सहुली पंचायत में जिला



पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विकास पांडेय व अमन कुमार चौहान ने अपने समर्थकों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। समर्थकों के स्वागत से खुशी व्यक्त करते हुए हेना शहाब ने कहा कि सिवान को विकसित सिवान बनाने के लिए संकल्प लेती हुं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सीधा संवाद किया और चुनाव चिह्न आटो रिक्शा (टेंपो) छाप पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने सहुली, झौवा, तेलकथू, सुरहूरिडीह, भेखपुरवा, पड़ौली, फलपुरा, तिलौता रसूलपुर, विशंभरपुर, पकड़ी, मंद्रपाली, टड़वा, रजनपुरा, जलालपुर, निजामपुर उसरी में दौरा करने के बाद हसनपुरा डाकघर के समीप अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नोमान अहमद , शारिक इमाम, रोहित पांडेय, मुन्ना शर्मा, लफसन, वीरू राम,आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक से बाइक सवार दो युवक घायल

**बसंतपुर (सिवान)** ञ थाना क्षेत्र के कन्हौली एनएच 227 ए स्थित टेढ़िया पुल के समीप बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक द्वारा उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया। घायलों की पहचान बसंतपुर निवासी संजू सिंह के पुत्र प्रियांशु कुमार तथा भगवानपुर थाना क्षेत्र के बंकाजुआ निवासी शंभूनाथ सहनी के पुत्र प्रभात कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों युवक बाइक पर सवार होकर सिवान की ओर जा रहे थे तभी कन्हौली टेढ़िया पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा।

## एनडीए प्रत्याशी को मत देकर सीएम व पीएम के हाथों को करें मजबूत : मंगल पांडेय

**रघुनाथपुर (सिवान)** ञ रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को सिवान संसदीय क्षेत्र के एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने पूजा अर्चना एवं फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सब जनता की एक- एक वोट पीएम नरेंद्र मोदी एवं सीएम नीतीश कुमार की जरूरत है। आप सभी अपना कीमती वोट एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी के चुनाव चिह्न तीर पर छाप कर भारी मतों से विजयी बनाएं तथा केंद्र की मोदी के हाथों को मजबूत करें। भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए गठबंधन की समय में देश में पीएम ने काफी विकास किए हैं। वहीं उम्मीदवार विजयलक्ष्मी देवी ने क्षेत्र की जनता से सिवान समेत प्रदेश एवं देश के विकास के लिए तीर चुनाव चिह्न पर बटन दबाकर जीत का आशीर्वाद मांगा। साथ ही हर समय जनता की सेवा में खरा रहने का भरोसा दिलाया। पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मोदी के कारण आज देश आयुष्मान कार्ड के कारण कोई कार्डधारक निशुल्क में देश की किसी भी अच्छा हास्पिटल में बिना रुपया का इलाज करा सकते हैं। मौके पर रामेश्वर चौहान, योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, रत्नेश कुमार सिंह, नरेश मदेशिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्टेशन पर लगे बेंच को शरारती तत्वों ने तोड़ा, राजस्व की क्षति

**महाराजगंज (सिवान)** ञ महाराजगंज रेलवे स्टेशन पर लगे बेंच को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। इससे राजस्व का घाटा हो रहा है। बताया जाता है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने महाराजगंज स्टेशन पर नए भवन का उद्घाटन के चार माह बीत गए, लेकिन उसमें आज तक काम शुरू नहीं हो सका। इस कारण इस भवन में पूरे दिन शरारती तत्वों का जमावड़ा लग रहा है। शरारती तत्वों द्वारा आए दिन फर्श पर लगे टाइल्स को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, साथ ही प्लेटफार्म पर लगे बेंच को तोड़ दिया गया है, जिससे रेलवे को राजस्व का घाटा हो रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो महाराजगंज स्टेशन पर आरपीएफ की प्रतिनियुक्ति जरूरी है। इतने सुंदर स्टेशन भवन बन गए हैं, उसके आगे पार्क बनाए गए हैं जिसमें तरह- तरह के पेड़ पौधा लगाए गए हैं, लेकिन उनमें समय से पानी नहीं देने से वे सूख रहे हैं।

## क्षेत्र का विकास एवं अमनचैन बहाल रखना प्राथमिकता : सिग्रीवाल

**भगवानपुन हाट (सिवान)** ञ क्षेत्र के प्रति मेरी निष्ठा ही मेरा संबल है। क्षेत्र से मेरा रिश्ता नहीं बल्कि क्षेत्र के बेटा होने का अधिकार है। क्षेत्र का बेटा होने के नाते महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र मेरे लिए धाम है। यह बातें महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने बुधवार को भगवानपुर बाजार में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर कही। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फीता काट कर किया गया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राष्ट्र को विश्व के मानस पटल पर महाशक्ति के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि 400 पार के सूची में महाराजगंज का नाम दर्ज हो चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास देखने के लिए महाराजगंज के धरती पर आना होगा। हवा हवाई बात से विकास नहीं दिखेगा। उन्होंने 21 मई को गोरेयाकोठी के आज्ञा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा में लाखों की संख्या में चलने की अपील की। तत्पश्चात इसके बाद भाजपा प्रत्याशी सिग्रीवाल ने सारीपट्टी, भगवानपुर, रामपुर गांव में जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमनारायण साह, भाजपा जिला मंत्री अवधेश कुमार पांडेय, बसंत मिश्रा, पश्चिम मंडल महामंत्री आशीष रंजन, चंदन सिंह, वीरेंद्र सिंह, नीरज सिंह, सियाराम प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## एनडीए प्रत्याशी डॉ आलोक कुमार सुमन की जीत पक्की- विधायक

**दैनिक खोज खबर/पंचदेवरी(गोपालगंज)**- एनडीए प्रत्याशी डॉ0 आलोक कुमार सुमन की जीत पक्की है , तथा एनडीए पूरे भारत में 400 से अधिक सीट पार करेगी और गोपालगंज में डॉक्टर आलोक कुमार सुमन 4 लाख वोट से चुनाव जीतेंगे , उक्त बातें स्थानीय प्रखंड में बुधवार को एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर आलोक कुमार सुमन के पक्ष में वोट देने की अपील करते स्थानीय विधायक अमरेंद्र कुमार पांडे उर्फ पप्पु पांडेय ने कही ।उन्होंने बताया कि पूरे भारत में एनडीए की लहर चल रही है , और एक बार फिर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे , उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि बिहार में पहले अपराधियों का बोलबाला रहता था , लेकिन अब न्याय के साथ विकास हो रहा है । नुक्कड़ सभा को एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर आलोक कुमार सुमन , जदयू के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल , जिला महासचिव अनुग्रह नारायण दुबे , तथा अन्य कई वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा एनडीए प्रत्याशी डॉक्टर आलोक कुमार सुमन को वोट देने की अपील की , साथ ही साथ कुचायकोट विधानसभा में 19 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में चलने की अपील की गई । मौके पर स्थानीय मुखिया सह जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अशोक गुप्ता , अशोक पांडे , मुन्ना मिश्रा , चंद्रिका सिंह कुशवाहा , डॉक्टर मुखी सिंह , प्रफुल्ल राय सहित कई नेता उपस्थित थे ।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री को दी गई श्रद्धांजलि

**सिवान** ञ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के तत्वावधान में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री व बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रवींद्र नाथ पाठक ने की। इस दौरान गजाधर दास विद्रोही ने सुशील मोदी के साथ संगठन में जो काम करने का अनुभव था उसे कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा और बताया कि सुशील मोदी के अंदर काम करने की जो क्षमता थी वह अद्भुत थी। सुशील मोदी के साथ कर करने वाले डा. अमित कुमार मोनू ने कहा कि उनके संगठन कार्य करने का तरीका अदभूत था और दूर दृष्टि भी उनकी बहुत अच्छी थी जिस वजह से संगठन ने उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व दिया। शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि सुशील जी श्रेष्ठ संगठनकर्ता थे, श्रेष्ठ पुरुष थे और कार्यकर्ताओं को परखने की उनकी जो क्षमता की वो अद्भुत थी। प्रो. रवींद्र नाथ पाठक ने कहा कि सुशील बाबू के पदचिह्नों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर कौशलेंद्र प्रताप, देवेंद्र गुप्ता, हरिओम, डा. अंकेश पांडेय, नागेंद्र श्रीवास्तव, हिंदुत्व उपाध्याय तथा प्रदेश सद मंत्री मनोज कुमार गुप्ता, जिला संयोजक वेद प्रकाश चौहान, सह-संयोजक मयंक राज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार, नगर सह मंत्री गोलू कुमार आदि उपस्थित थे।